जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें ।

Question Booklet No.
प्रश्न पुस्तिका संख्या
6384170

कोड : TEJAS – II

विषय :

सामान्य हिन्दी

2016

सीरीज़

B

समय : 1 घण्टे

पूर्णांक : 60

अपना अनुक्रमांक सामने बॉक्स के अन्दर लिखें → अंकों में / शब्दों में

प्रश्नों के उत्तर के लिये केवल काले बॉल-प्वॉइंट पेन का प्रयोग करें ।

अभ्यर्थी उत्तर-पत्रक पर उत्तर देने से पहले सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें ।

आपको अपने सभी उत्तर केवल उत्तर-पत्रक पर ही देने हैं । परीक्षा के उपरांत उत्तर-पत्रक की मूल प्रति निरीक्षक को सौंप दें ।

## महत्वपूर्ण अनुदेश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दें । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।
2. उत्तर-पत्रक पर अभ्यर्थी अपना अनुक्रमांक, विषय, प्रश्न-पत्र का सही कोड एवं सीरीज़ अंकित करें अन्यथा उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और उसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी ।
3. **इस परीक्षण पुस्तिका में 60 प्रश्न हैं** । प्रत्येक प्रश्न के चार (4) वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिए गए हैं । इन चारों में से केवल एक ही सही उत्तर है । जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, उत्तर-पत्रक में उसके अक्षर वाले वृत्त को काले बॉल-प्वॉइंट पेन से पूरा काला कर दें ।
4. अनुक्रमांक के अलावा परीक्षण पुस्तिका के कवर पेज पर कुछ न लिखें । रफ कार्य के लिए परीक्षण पुस्तिका के अन्त में दिए गए दो पृष्ठों का प्रयोग करें ।
5. परीक्षण पुस्तिका खोलने के तुरन्त बाद जाँच करके देख लें कि परीक्षण पुस्तिका के सभी पेज भली-भाँति छपे हुए हैं । यदि परीक्षण पुस्तिका में कोई कमी हो, तो निरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज़ व कोड की दूसरी पुस्तिका प्राप्त कर लें ।
6. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

   **उत्तर-पत्रक में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा ।**

   (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं । उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा ।

   (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी** उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा ।

   (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा ।

जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें ।

***Note : English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.***

SEAL

1. निम्नलिखित में से 'तत्सम' शब्द है
   (a) दही (b) जीर्ण
   (c) गयंद (d) गाहक

2. 'अगहन' का तत्सम रूप कौन-सा है ?
   (a) अग्रहायण (b) अगहण
   (c) आग्रहण (d) अग्रासन

3. निम्नलिखित में से 'तद्भव' शब्द है
   (a) चतुर्दश (b) चतुर्थ
   (c) चौदह (d) चत्वारि

4. 'आभ्यंतर' का तद्भव शब्द है
   (a) अन्दर (b) भीतर
   (c) बाहर (d) गहरा

5. 'कर्पट' का तद्भव रूप है
   (a) कपट (b) कारपेट
   (c) कपूर (d) कपड़ा

6. ''वह बहुत खाता है।'' इस वाक्य में 'बहुत' शब्द किस प्रकार का विशेषण है ?
   (a) निश्चित परिमाणवाचक विशेषण
   (b) निश्चित संख्यावाचक विशेषण
   (c) तुलनात्मक विशेषण
   (d) अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण

7. निम्नलिखित वाक्यों में से वह वाक्य चुनिये, जिसमें गुणवाचक विशेषण का प्रयोग किया गया है
   (a) वह नटखट बालक संगीत नहीं सुन रहा है।
   (b) वहाँ बहुत से पक्षी उड़ रहे हैं।
   (c) मैं ने दस मन गेहूँ खरीदा है।
   (d) ऐसे आदमी लाखों में एक होते हैं।

8. ''सतीश चंचल बालक है'' इस वाक्य में 'चंचल' शब्द है
   (a) विधेय विशेषण (b) गुणवाचक विशेषण
   (c) सार्वनामिक विशेषण (d) प्रविशेषण

9. 'मानसिक' विशेषण किस मूल शब्द से बना है ?
   (a) मान (b) मानस
   (c) मनस (d) मनिस

10. "चारित्रिक" विशेषण शब्द का मूल शब्द कौन-सा है ?
   (a) चरित्र (b) चित्रण
   (c) चरित्रता (d) चारुत्व

11. 'मीमांसा' का सही पर्यायवाची शब्द है
   (a) स्वरूप (b) सुविज्ञता
   (c) समालोचन (d) निष्क्रिय

12. 'बिजली' का पर्यायवाची शब्द है
   (a) चमक (b) सौदामिनी
   (c) प्रकाश (d) इनमें से कोई नहीं

13. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'लक्ष्मी' का पर्यायवाची नहीं है ?
   (a) रमा (b) इंदिरा
   (c) कमला (d) भारती

14. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'कपड़ा' का पर्यायवाची नहीं है ?
   (a) वस्त्र (b) पट
   (c) वसन (d) वासन

15. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'मेघ' का पर्यायवाची नहीं है ?
   (a) पयोधर (b) जलधर
   (c) वारिधर (d) दामोधर

16. 'आविर्भूत' का सही विलोम शब्द है
   (a) अनास्था (b) अनेकता
   (c) तिरोभूत (d) अनावृष्टि

17. 'क्षणिक' का सही विलोम शब्द है
(a) अल्प (b) शाश्वत
(c) क्षर (d) विमुख

18. 'अग्रज' का विलोम शब्द है
(a) अक्षत (b) अतुल
(c) अनुज (d) अटल

19. निम्नलिखित में से विलोम शब्दों की दृष्टि से एक युग्म गलत है, वह है
(a) मौन–मुखर (b) शानदार–शर्मनाक
(c) बर्बर–सभ्य (d) अनुचर–परिचर

20. विलोम शब्दों की दृष्टि से इनमें एक युग्म गलत है, वह है
(a) अमित–परिमित
(b) सत्कार–तिरस्कार
(c) आच्छादित–परिच्छन्न
(d) सुख–दुःख

21. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है
(a) चिन्ह (b) विवर्त
(c) अनुग्रहीत (d) विरहणी

22. शुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।
(a) ज्योतिसना (b) ज्योत्सना
(c) ज्योतसना (d) ज्योत्स्ना

23. वर्तनी की दृष्टि से कौन–सा शब्द अशुद्ध है ?
(a) कोमलांगी (b) सम्मिलित
(c) उत्कर्षता (d) अनुगृहीत

24. निम्नलिखित में से एक शुद्ध वाक्य है, वह है
(a) प्रत्येक विद्यार्थी को चाहिए कि वह हिन्दी की अनेक पुस्तकें पढ़े।
(b) हरेक विद्यार्थियों को चाहिए कि वह हिन्दी की अनेक पुस्तकें पढ़े।
(c) हरेक विद्यार्थी को चाहिए कि वह हिन्दी की अनेकों पुस्तकें पढ़े।
(d) हरेक विद्यार्थियों को चाहिए कि वह हिन्दी की अनेकों पुस्तकें पढ़े।

25. निम्नलिखित में से एक वाक्य अशुद्ध है, वह है
(a) मोहन गेहूँ पिसवाने चक्की पर गया है।
(b) निर्दय व्यक्ति से मित्रता नहीं करनी चाहिए।
(c) उसके घर के पास एक मिठाई की दुकान है।
(d) उपर्युक्त कथन असत्य है।

26. 'जिसका कोई शत्रु नहीं जन्मा है' वाक्यांश के लिए एक शब्द है
(a) अजेय (b) शत्रुजयी
(c) अजातशत्रु (d) शत्रुविहीन

27. 'खोज करने वाला' इस वाक्यांश के लिए एक शब्द है
(a) अन्वेषक (b) अनुपम
(c) अन्विति (d) निवेशक

28. 'जिसकी ग्रीवा सुन्दर हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द है
(a) पार्थिव (b) सुग्रीव
(c) सुधीर (d) सुनील

29. 'जिसका अनुभव इन्द्रियों द्वारा न हो सके' इस वाक्यांश के लिए एक शब्द है
(a) जीतेन्द्र (b) अतीन्द्रिय
(c) एन्द्रिक (d) इनमें से कोई नहीं

30. वाक्यांशों और उनके लिए प्रयुक्त शब्दों के निम्नलिखित युग्मों में सही युग्म का चयन कीजिए।
(a) जो स्त्री अभिनय करे – अभिनेता
(b) जो व्याकरण जानता हो – व्याकरणिक
(c) आँखों से परे – प्रत्यक्ष
(d) लौटकर आया हुआ – प्रत्यागत

31. 'परिवा' का तत्सम रूप है
(a) परवा (b) परेवा
(c) प्रतिपदा (d) पड़ीवा

32. निम्नलिखित में से 'तत्सम' शब्द है
(a) उछाह (b) उजला
(c) उल्लू (d) ओष्ठ

33. निम्नलिखित तत्सम-तद्भव शब्दों का संगत युग्म है
(a) खर्पट - खोपड़ी (b) सक्तु - सत्य
(c) पर्यंक - पलंग (d) घोटक - घड़ा

34. निम्नलिखित में से एक 'तद्भव' शब्द है
(a) आँसू (b) एकत्र
(c) वानर (d) उच्च

35. 'कपित्थ' का तद्भव शब्द है
(a) कपूर (b) कैथा
(c) केला (d) खजूर

36. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द 'गुणवाचक' विशेषण है ?
(a) उचित (b) पाँचवाँ
(c) कुछ (d) तीन

37. निम्नलिखित में से कौन-सा विशेषण संज्ञा से नहीं बना है ?
(a) श्रीमान (b) दानी
(c) सुन्दर (d) चमकीला

38. निम्नलिखित में से किस वाक्य में उत्तमावस्था गुणवाचक विशेषण - विशेष्य का प्रयोग किया गया है ?
(a) परमानन्द कक्षा में सबसे होशियार छात्र है ।
(b) मनमोहन ने इस दुकान से एक किलो टमाटर खरीदा है ।
(c) इस पौधे में इतना पानी मत डालो ।
(d) विजय पहलवान एक दिन में चार लीटर दूध पीता है ।

39. "सौर" किस मूल शब्द से बना विशेषण है ?
(a) सूर
(b) सुर
(c) सूर्य
(d) उपर्युक्त में से किसी से नहीं

40. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विशेषण है ?
(a) आग
(b) आग्नेय
(c) अग्नि
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

41. 'आकाश' का पर्यायवाची शब्द है
(a) सहकार (b) शून्य
(c) प्रभा (d) मंडली

42. 'सोना' का पर्यायवाची शब्द है
(a) अर्क (b) वर्क
(c) माणिक्य (d) कनक

43. 'उसके प्राण-पखेरू उड़ गये।' इस वाक्य में 'पखेरू' शब्द किसका पर्यायवाची है ?
(a) पक्षी (b) जल्दी
(c) पखवाड़ा (d) पखारना

44. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'चन्द्रमा' का पर्यायवाची नही है ?
(a) सुधांशु (b) सुधाकर
(c) सुधाधर (d) सलिल

45. निम्नांकित शब्दों में से एक शब्द 'माता' का पर्यायवाची नहीं है । वह है
(a) अम्ब (b) अम्बु
(c) अम्बा (d) जननी

46. 'भौतिक' का विलोम शब्द है
(a) आध्यात्मिक (b) दार्शनिक
(c) सांस्कृतिक (d) राजनीतिक

47. 'प्राची' शब्द का विपरीतार्थक है
(a) उदीची (b) प्रतीची
(c) नवीन (d) समीची

B

48. 'समष्टि' का विलोम शब्द है
(a) विशिष्ट (b) व्यष्टि
(c) अशिष्ट (d) अपुष्टि

49. निम्नलिखित में से विलोम शब्दों की दृष्टि से एक युग्म गलत है वह है
(a) विधि-निषेध (b) आह्वान-विसर्जन
(c) आग्रह-विग्रह (d) अमिय-हलाहल

50. विलोम शब्द की दृष्टि से इनमें से सही युग्म है
(a) आकीर्ण-विकीर्ण (b) ईप्सित-अभीप्सित
(c) आदृत-निरादृत (d) दोष-सदोष

51. शुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन करें ।
(a) दैदीप्यमान (b) देदीपमान
(c) दैदीपमान (d) देदीप्यमान

52. निम्नलिखित में से अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है
(a) कौतूहल (b) अनधिकार
(c) निरपेक्ष (d) पौराणीक

53. निम्नलिखित वाक्यों में शुद्ध वाक्य है
(a) मुझसे यह काम सम्भव नहीं हो सकता ।
(b) वह बिल्कुल भी बात नहीं करना चाहता ।
(c) यह कविता अनेक भाव प्रकट करती है ।
(d) इन दोनों में केवल यही अन्तर है ।

54. निम्नलिखित में से एक वाक्य शुद्ध है, वह है
(a) इसके बावजूद भी हमसे हिन्दी लिखने में बहुत भूल हो जाती है ।
(b) इसके बावजूद भी हमसे हिन्दी लिखने में बहुत भूलें हो जाती है ।
(c) इसके बावजूद भी हम लोगों से हिन्दी लिखने में बहुत भूल हो जाती है ।
(d) इसके बावजूद हम लोगों से हिन्दी लिखने में बहुत भूलें हो जाती हैं ।

55. अशुद्ध वाक्य का चयन कीजिए ।
(a) पुलिस द्वारा डाकुओं का पीछा किया गया ।
(b) देश की वर्तमान मौजूदा हालात ठीक नहीं है ।
(c) मैं पुस्तकालय में नित्य समय पर पहुँचता हूँ ।
(d) तुम चिन्ता न करो, मैं कोई न कोई रास्ता निकालूँगा ।

56. 'परंपरा से चली आ रही बात' के लिए प्रयुक्त होने वाला शब्द है
(a) प्रतिश्रुति (b) व्याजस्तुति
(c) अनुलोम (d) अनुश्रुति

57. 'जिसके पास कुछ न हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द है
(a) अक्षम (b) आकिंचन
(c) अज्ञ (d) असमर्थ

58. 'स्वेद से उत्पन्न होने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द है
(a) स्वेदज (b) अण्डज
(c) पिण्डज (d) उभयज

59. 'अपरिणीत' शब्द निम्नलिखित में से किस वाक्यांश के लिए प्रयुक्त होता है ?
(a) जिसका परिणाम न निकलता हो ।
(b) जिसका विवाह न हुआ हो ।
(c) जिसका विवाह हो चुका हो ।
(d) जो देखने में प्रीतिकर न हो ।

60. निम्नलिखित में से किस वाक्यांश के लिए एक शब्द 'दुर्निवार' प्रयुक्त होता है ?
(a) जिसे दूर करना कठिन हो ।
(b) जिसपर वार करना कठिन हो ।
(c) जिसे देख पाना कठिन हो ।
(d) जिसे जीत पाना कठिन हो ।

दृष्टि The Vision



SPACE FOR ROUGH WORK

रफ कार्य के लिए स्थान

दृष्टि The Vision

SPACE FOR ROUGH WORK

रफ कार्य के लिए स्थान

दृष्टि The Vision